# आकाशवाणी, गोरखपुर

**दिनांक–06 जुलाई 2026** **सान्ध्य समाचार**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में आज लखनऊ में हुयी कैबिनेट बैठक में जनहित से जुड़े कई महत्वपूर्ण फैसले लिये गये। एक रिपोर्ट–

***आज हुयी कैबिनेट बैठक में उत्तर प्रदेश के होमगार्ड्स एवं उनके आश्रित परिवार के सदस्यों को कैशलेस सुविधा का लाभ दिये जाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गयी। गोरखपुर और मुरादाबाद में कर्मचारी राज्य बीमा निगम के सौ–सौ बेड के चिकित्सालय की स्थापना के लिये भूमि उपलब्ध कराये जाने के प्रस्ताव को भी स्वीकृति प्रदान की गयी। बैठक में वाराणसी में ईएसआईसी मेडिकल कॉलेज की स्थापना को भी मंजूरी दी गयी है। कैबिनेट बैठक में उत्तर प्रदेश स्टार्ट–अप मिशन डायरेक्टरेट की स्थापना और डेटा सेंटर नीति को भी मंजूरी दी गयी। कैबिनेट ने ओलम्पिक, पैरालम्पिक, एशियन गेम्स और कामनवेल्थ गेम्स सहित अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को सीधी भर्ती के माध्यम से चयन को मंजूरी दी गयी है। बैठक में शाहजहांपुर के जलालाबाद का नाम बदलकर परशुरामपुरी करने के प्रस्ताव पर भी मुहर लगा दी गयी। समाचार कक्ष से प्रेम चन्द्र गुप्ता।***

**********

समग्र राष्ट्र, आज भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित कर रहा है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उन्हें साहस, राष्ट्रवाद और निस्वार्थ सेवा का शाश्वत प्रतीक बताया है। श्री मोदी ने एक आलेख में कहा कि डॉ. मुखर्जी का जीवन अखंड भारत के लिये उनकी अटल प्रतिबद्धता का प्रमाण है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती के अवसर पर आज लखनऊ में आयोजित पुष्पांजलि कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस अवसर पर अपने सम्बोधन में मुख्यमंत्री ने डॉ मुखर्जी के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डाला।

***भारत माता के महान सपूत, महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, शिक्षाविद्, स्वतंत्र भारत के प्रथम खाद्य और उद्योग मंत्री, एक देश में दो विधान, दो प्रधान, दो निशान नहीं चलेंगे का उद्घोष करने वाले डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी की आज 125वीं पावन जयंती है। इस अवसर पर भारत माता के इस महान सपूत की स्मृतियों को नमन करते हुए उत्तर प्रदेश शासन और उत्तर प्रदेश के जनता जनार्दन की ओर से मैं विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं।***

डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती के अवसर पर प्रदेश के अलग–अलग जिलों में भी विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन किए जा रहे हैं।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर 'योगी की पाती' साझा की। इसके जरिए मुख्यमंत्री ने बच्चों और युवाओं से खेलों को अपनी दिनचर्या का अभिन्न अंग बनाने की अपील की है।

***मुख्यमंत्री ने कहा है कि सरकार उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों के सम्मान एवं सुरक्षित भविष्य के लिए सरकारी नौकरी प्रदान कर रही है। श्री योगी ने कहा कि आज प्रत्येक ग्राम पंचायत में खेल मैदान, ब्लॉक में मिनी स्टेडियम तथा प्रत्येक जनपद में आधुनिक स्टेडियम विकसित किए जा रहे हैं। मेरठ में मेजर ध्यानचंद खेल विश्वविद्यालय तैयार है। उन्होंने अभिभावकों से विशेष आग्रह किया है कि बच्चों की खेल प्रतिभा को कभी दबाएं नहीं। खेल केवल पदक नहीं दिलाता, अपितु नशे जैसी बुराइयों से बच्चों और युवाओं को दूर रखने के लिए सबसे सशक्त ढाल बनता है। समाचार कक्ष से विवेक सिंह***

**********

श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने स्पष्ट किया है कि सोने की परत वाली रामचरितमानस श्रीराम मंदिर में पूरी तरह सुरक्षित है। ट्रस्ट ने सोने की परत वाली रामचरितमानस की एक तस्वीर जारी की है। यह तस्वीर इसके गायब होने को लेकर उठे सवालों के बीच आई है।

**********

सरकार ने कहा है कि 104 करोड़ से अधिक स्वास्थ्य कार्ड 93 करोड़ से अधिक आयुष्मान भारत स्वास्थ्य खाता–आभा से जोड़े गए हैं। आभा, आधार कार्ड की तरह 14 अंकों की विशिष्ट पहचान संख्या है जो एक व्यक्ति को व्यापक स्वास्थ्य प्रणाली से सुरक्षित रूप से जोड़ती है। एक रिपोर्ट–

***यह प्रणाली मरीजों को डिजिटल स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच प्रदान करती है। इस नेटवर्क के माध्यम से रोगी संपूर्ण चिकित्सा इतिहास के साथ बीमाकर्ताओं, स्वास्थ्य सुविधाओं, डॉक्टरों और अन्य सेवाओं से जुड़ सकते हैं सरकार का लक्ष्य है कि आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के माध्यम से देश के सभी मरीजों और सभी स्वास्थ्य सुविधाओं को एक ही डिजिटल नेटवर्क से जोड़ा जाए। इसका उद्देश्य प्रत्येक नागरिक के लिए पूर्णतया डिजिटल स्वास्थ्य रिकॉर्ड उपलब्ध कराना है। दीपेंद्र कुमार, आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।***

**********

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी– एनटीए ने राष्ट्रीय पात्रता और प्रवेश परीक्षा–नीट यूजी 2026 की आवेदन फीस वापसी के लिए बैंक खाता विवरण अपडेट करने की अंतिम तिथि बढ़ाकर 7 जुलाई कर दी है।

**********